# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ | अंक : ४२ | मुंबई, शुक्रवार, २१ से २७ सितंबर २०१८ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये


## बच्चों के प्रति बढ़ते अपराध रोकने के लिए नई मुहिम 'दीदी-काका' का साथ

**शाईस्ता शेख**

**मीरा-भाईंदर:** बच्चों के प्रति बढ़ते अपराधों को देखते हुए ठाणे ग्रामीण पुलिस ने मीरा-भाईंदर में 'पुलिस दीदी-पुलिस काका' की शुरुआत की है। ठाणे ग्रामीण के नए अधीक्षक आईपीएस शिवाजी राठौड़ ने इस मुहिम की शुरुआत की है।

भाईंदर-पश्चिम के पोद्दार जूनियर कॉलेज में मुहिम का उद्घाटन किया गया। राठौड़ ने कहा कि मुहिम के अंतर्गत शहर के प्रत्येक स्कूल और कॉलेज में एक महिला और एक पुरुष पुलिसकर्मी की तैनात



रहेगा, जिन्हें बच्चे 'पुलिस दीदी-पुलिस काका' बुलाएंगे। पुलिस दीदी और काका का मुख्य काम बच्चों और पुलिस के बीच सवांद स्थापित करना होगा, ताकि लैंगिक अत्याचार के मामलों के प्रति जागरूकता लाई जा सके। राठौड़ ने बताया कि लैंगिक अत्याचार के ७० से ८० प्रतिशत मामलों में आरोपी परिवार का नजदीकी होता है।

ऐसे में बच्चे किससे शिकायत करें/ लेकिन, अब उनके पास पुलिस दीदी और पुलिस काका होंगे, जिनसे बच्चे बेझिझक परेशानी बता सकेंगे। राठौड़ ने बच्चों से कहा कि वे बिना डरे पुलिस दीदी-काका से संपर्क करें। खास तौर से उन्होंने लड़कियों से कहा, 'तू बोलेगी, मुंह खोलेगी, तभी जमाना बदलेगा।' उन्होंने बताया कि चरणबद्ध तरीके से पूरे जिले में मुहिम शुरू की जाएगी। लड़कियों को 'गुड टच-बैड टच' के बारे में बताया जाएगा। इस मौके पर मौजूद मीरा-भाईंदर महापौर डिंपल मेहता ने पुलिस को मदद की बात कही।

कार्यक्रम में अतितिक्त पुलिस अधीक्षक संजय कदम और सहायक पुलिस अधीक्षक आईपीएस अतुल कुलकर्णी सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।

## जसलोक में बुजुर्गों के लिए विशेष क्लिनिक

**मुंबई:** बीमारियों से हर कोई परेशान है। इलाज के लिए लगने वाली लंबी लाइनें मरीजों के लिए और भी समस्या पैदा करती हैं। ज्यादा दिक्कत बुजुर्ग मरीजों को होती है। बुजुर्गों को ध्यान में रखते हुए जसलोक अस्पताल में विशेष क्लिनिक की शुरुआत की गई है। यहां एक ही छत के नीचे बुजुर्गों को हर सेवा मिलेगी। आंकड़ों के अनुसार, एशिया में बुजुर्गों का अनुपात २०१२-२०५० के दौरान १०.५ प्रतिशत से बढ़कर २२.४ प्रतिशत होने की उम्मीद है।

### जोगेश्वरी पूर्व वार्ड क्रमांक ७८ समाजसेवक मुराद हुसैन के दस्ते ने

## एम आई एम मुंबई अध्यक्ष शाकिर पत्नी से वार्ड के कार्य को लेकर मुलाकात की



**संवाददाता इस्माईल खान**

**मुंबई :** दिनांक १८-०९-२०१८ को मुंबई की शान एआईएमआई के मुंबई अध्यक्ष साकिर पटनी जी से जोगेश्वरी पूर्व टीम ने नागपाडा ऑफिस पर मुलाकात की और जोगेश्वरी के बहुत सारी समस्याओ ंपर चर्चा की। ऑफिस पर मौजूद पार्टी के वरिष्ठ लीडर अब्दुल हमीद, आसिफ भाई, ड़ावरे सर इन लोगों ने आश्वासन दिया कि एआईएमआईएम हमेशा से लोगों के साथ है और एआईएमआईएम को जब भी परेशान जनता आवाज देगी एआईएमआईएम के कार्यकर्ता



और लिडर वहां पर की समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे। जोगेश्वरी के मुराद हुसैन अन्सारी और इनके साथ समाजसेवक यूनुस, मुज्जु, जावेद, इब्राहिम भाई ने कई सारे जोगेश्वरी के मुद्दों पर शाकिर पटनी से चर्चा की।

## एक स्टेशन की लागत ४ लाख रुपये बनेंगे ५० चार्जिंग स्टेशन

**मुंबई:** महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) की तरफ से राज्यभर में ५० स्टेशन बनाए जाएंगे, जहां पर बैटरी पर चलने वाले वाहन चार्ज हो सकें। सोमवार को एमईआरसी ने बताया कि चार्जिंग के लिए ग्राहकों को कितने रुपये देने होंगे। प्रति यूनिट ६ रुपये चार्जिंग के लिए तय किए गए हैं। महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा के लिए चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के चेयरमैन और मैनेजिंग डारेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि स्टेशन बनाने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जल्द दिए जाएंगे। मार्च २०१९ तक राज्यभर में ५० चार्जिंग स्टेशन बन जाएंगे। इसके अलावा, अगले २ साल में महाराष्ट्र के १० प्रमुख शहरों में ५०० ई-वीइकल चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में एमईआरसी के सदस्य मुकेश खुल्लर ने बताया कि राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना चाहती है। इसी दिशा में यह कदम उठाया जा रहा है। खुले बाजार में बिकेगी १५इ बिजली: सूत्रों के अनुसार, राज्य की पावर जेनरेटर कंपनी महाजेनको को बिजली की ट्रेडिंग का लाइसेंस मिला है। इससे वह खुले बाजार में बिजली बेच सकती है। मौजूदा समय में उपरोक्त कंपनी अपनी १०० प्रतिशत बिजली एमएसडीसीएल को सप्लाई करता है, जो जिससे २.५ करोड़ लोगों को विद्युत आपूर्ति होती है। इसमें भी महाजेनको का एमएसडीसीएल पर १०,००० करोड़ रुपये बकाया है। लेकिन, पावर जनरेटर कंपनी ने खुले बाजार में १५ प्रतिशत बिजली बेचने की अनुमति मांगी है, ताकि पिछले ६-७ साल का घाटा भरा जा सके।

सूत्रों के अनुसार, ५० स्टेशन बनाने के लिए आवश्यक जमीन राज्य सरकार मुहैया कराएगी। जमीनें महामार्गों के नजदीक होनी चाहिए, इसलिए जल्द निर्णय लिया जाएगा। एक इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन पर करीब ४ लाख रुपये का खर्च आएगा। राज्य में प्रस्तावित मुंबई-नागपुर एक्सप्रेस-वे (समृद्धि कॉरिडोर) पर भी पावर स्टेशन बनेंगे। योजना के तहत, हर २५ किमी पर एक चार्जिंग स्टेशन होगा।

## पीड़िता की पहचान उजागर करने पर SC हुआ नाराज

**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट ने रेवाड़ी गैंगरेप मामले में पीड़िता की पहचान उजागर करने के मामले में न्यूज चैनलों की खिंचाई की है। मुजफ्फरपुर शेल्टर होम में बच्चियों के साथ हुए सेक्शुअल असॉल्ट मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की।



सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस मदन बी. लोकूर और जस्टिस दीपक गुप्ता की बेंच ने पीड़िता के पिता का इंटरव्यू लिए जाने के मामले में सवाल उठाया है। कोर्ट ने कहा कि न्यूज चैनल पर हमने देखा, जिसमें कहा गया कि लड़की के साथ रेप हुआ है। लड़की के बारे में कुछ ऐसी जानकारी दी गई, जिससे पहचान उजागर होती है। कोर्ट ने कहा कि रेवाड़ी, दिल्ली और कोलकाता की तरह बड़ा शहर नहीं है कि पहचान उजागर न हो पाए। हमने सरसरी तौर पर टीवी चैनल में ये बात देखी। सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें हाई कोर्ट ने मुजफ्फरपुर शेल्टर होम सेक्शुअल असॉल्ट केस की जांच के लिए सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर से कहा था कि वह नई टीम का गठन करे। पटना हाई कोर्ट ने २९ अगस्त को यह आदेश दिया था। पिता का इंटरव्यू कोर्ट ने कहा कि चैनल ने पीड़िता के पिता का इंटरव्यू किया। वह भी गांव के ५० लोगों के सामने। ये लोग उन्हें जानते हैं। ५० लोग अगले ५० लोगों को बताएंगे। ऐसे में ये क्या हो रहा है। गौरतलब है कि १२ सितंबर को १९ साल की स्टूडेंट के साथ रेवाड़ी में गैंगरेप हुआ था।

## ई-वीइकल: बनेंगे ५० चार्जिंग स्टेशन एक स्टेशन की लागत ४ लाख रुपये

**मुंबई:** महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) की तरफ से राज्यभर में ५० स्टेशन बनाए जाएंगे, जहां पर बैटरी पर चलने वाले वाहन चार्ज हो सकें। सोमवार को एमईआरसी ने बताया कि चार्जिंग के लिए ग्राहकों को कितने रुपये देने होंगे। प्रति यूनिट ६ रुपये चार्जिंग के लिए तय किए गए हैं।

महाराष्ट्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा के लिए चार्जिंग स्टेशन बनेंगे। महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल) के चेयरमैन और मैनेजिंग डारेक्टर संजीव कुमार ने बताया कि स्टेशन बनाने के लिए लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जल्द दिए जाएंगे। मार्च २०१९ तक राज्यभर में ५० चार्जिंग स्टेशन बन जाएंगे। इसके अलावा, अगले २ साल में महाराष्ट्र के १० प्रमुख शहरों में ५०० ई-वीइकल चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना है। सोमवार को मीडिया से बातचीत में एमईआरसी के सदस्य मुकेश खुल्लर ने बताया कि राज्य सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना चाहती है। इसी दिशा में यह कदम उठाया जा रहा है। खुले बाजार में बिकेगी १५% बिजली: सूत्रों के अनुसार, राज्य की पावर जेनरेटर कंपनी महाजेनको को बिजली की ट्रेडिंग का लाइसेंस मिला है। इससे वह खुले बाजार में बिजली बेच सकती है।

मौजूदा समय में उपरोक्त कंपनी अपनी १०० प्रतिशत बिजली एमएसडीसीएल को सप्लाई करता है, जो जिससे २.५ करोड़ लोगों को विद्युत आपूर्ति होती है। इसमें भी महाजेनको का एमएसडीसीएल पर १०,००० करोड़ रुपये बकाया है। लेकिन, पावर जनरेटर कंपनी ने खुले बाजार में १५ प्रतिशत बिजली बेचने की अनुमति मांगी है, ताकि पिछले ६-७ साल का घाटा भरा जा सके।

सूत्रों के अनुसार, ५० स्टेशन बनाने के लिए आवश्यक जमीन राज्य सरकार मुहैया कराएगी। जमीनें महामार्गों के नजदीक होनी चाहिए, इसलिए जल्द निर्णय लिया जाएगा। एक इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन पर करीब ४ लाख रुपये का खर्च आएगा। राज्य में प्रस्तावित मुंबई-नागपुर एक्सप्रेस-वे (समृद्धि कॉरिडोर) पर भी पावर स्टेशन बनेंगे। योजना के तहत, हर २५ किमी पर एक चार्जिंग स्टेशन होगा।

## चर्नी रोड और मरीन लाइन पर भी रुकेगी एसी लोकल

## व्यापारियों की मांग पर रेलवे देगी ध्यान

**कालबादेवी,** जवेरी बाजार में काम करने वाले व्यापारी वर्ग के लिए खुशखबरी है। पश्चिम रेलवे के नए टाइमटेबल में एसी लोकल को मुंबई सेंट्रल से चर्चगेट के बीच पड़ाव देने पर विचार किया जा रहा है। रेलवे के सूत्रों ने अनुसार, मरीन लाइंस और चर्नी रोड पर इस ट्रेन को पड़ाव देने के लिए कई बार मांग की गई थी। इसे देखते हुए नए टाइमटेबल में इस प्रस्ताव को शामिल करने की पूरी संभावना है। मंगलवार को एसआरयूसीसी की बैठक के दौरान हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से शामिल हुए सदस्य विनोद लोढ़ा ने बताया कि वातानुकूलित लोकल को चर्नी रोड और मरीन लाइन पर पड़ाव देने का प्रस्ताव पिछली मीटिंग में भी रखा गया था, लेकिन इस मीटिंग में अधिकारियों ने इस प्रस्ताव को नए टाइमटेबल में शामिल करने की बात कही है। सोमवार से शुक्रवार तक चलने वाली इस वातानुकूलित लोकल की प्रतिदिन १२ सेवाएं चलती हैं। इनमें औसतन प्रति ट्रिप १३०० यात्री सवारी करते हैं, जबकि व्यस्त समय में औसतन १६०० यात्री होते हैं। एक सामान्य लोकल में व्यस्त समय में इससे दुगुनी संख्या में यात्री होते हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सामान्य लोकल की अपेक्षा एसी लोकल का ठहराव ज्यादा होता है। इसके दरवाजे खुलने और बंद होने में समय लगता



है। इसलिए व्यस्ततम समय में अतिरिक्त पड़ाव देने पर अन्य ट्रेनों पर असर पड़ सकता है। मुंबई की पहली वातानुकूलित लोकल पिछले साल दिसंबर २०१७ में चलाई गई थी। यह चर्चगेट से विरार के बीच फास्ट कॉरिडोर पर चलती है। मुंबई सेंट्रल से चर्चगेट के बीच इसका कोई पड़ाव नहीं होने की वजह से अपेक्षाकृत यात्री नहीं मिल रहे हैं। रेलवे कार्यकर्ता शैलेष गोयल के अनुसार, 'भाईंदर और विरार से चलने वाले काफी यात्री एसी लोकल का इस्तेमाल नहीं करते, क्योंकि चर्चगेट से लौटकर मरीन लाइंस या चर्नीरोड आने का झंझट रहता है। यदि इसे इन दोनों स्टेशनों पर पड़ाव दिया जाए, तो निश्चित तौर पर यात्रियों को उचित लाभ मिलेगा' लंबे समय से एसी लोकल को मुंबई सेंट्रल से चर्चगेट के बीच में पड़ाव देने की मांग हो रही थी। उम्मीद है इस प्रस्ताव को एक नवंबर से नए टाइमटेबल में जोड़ा जाएगा। व्यापारी वर्ग की मांग विनोद लोढ़ा ने बताया कि कालबादेवी, भुलेश्वर और जवेरी बाजार इलाकों में बहुत बड़ा व्यापारी वर्ग भाईंदर और विरार से आता है। वातानुकूलित लोकल का मरीन लाइंस या चर्नी रोड स्टेशन पर पड़ाव नहीं होने की वजह से यह वर्ग पूरी तरह से वंचित है। यदि इस ट्रेन को मुंबई सेंट्रल के बाद स्लो कॉरिडोर पर चलाया जाए, तो हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा और ट्रेन भी खचाखच भरी नजर आएगी। बैठक में हुई इस मांग के बाद मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि इस विषय पर विचार किया जा रहा है। साथ ही, उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पड़ाव देने से एक ही चिंता है कि कहीं ट्रेनों के शेड्यूल पर विपरीत असर न पड़े। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एसी लोकल में अभी काफी कम लोग ही यात्रा कर रहे हैं। यदि इसे लोकप्रिय करना है, तो निश्चित तौर पर उपरोक्त मांग पर विचार करना पड़ेगा।




## संपादकीय...

# 'बांटो और राज करो'

*आमतौर पर शासकों को सत्ता का नशा खुद के खुदा होने की गलतफहमी का शिकार बना देता है। नरेंद्र मोदी भी कुछ ऐसे ही शासकों में से हैं। और, भला उन्हें अपनी 'खुदाई' का गुमान क्यों न हो। एक मामूली चायवाला कब यह ख्वाब देखता है कि कभी वह खुद सरकार होगा। लेकिन मोदी तो उन चायवालों में से हैं जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के ऐसे शासक बन बैठे जिसके हर झूठ पर करोड़ों भारत वासियों ने विश्वास किया। लेकिन इतिहास गवाह है कि जब फिर'औन (प्राचीन मिस्त्र का ऐसा राज, जो खुद को भगवान सझता था) की खुदाई नहीं चली तो, मोदी की कब तक चलेगी। लेकिन बीते कुछ समय में जो राजनीतिक बदलाव सामने आए हैं, वह इस बात के गवाह हैं कि अगर स्थितियां ऐसी ही रहीं तो २०१९ मोदी के लिए भारी साबित होगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के गढ़ से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कैराना तक, बिहार, पंजाब, कर्नाटक से लेकर मेघालय तक, पूरे देश में मोदी का नशा टूट रहा है। इससे पहले अभी पिछले साल दिसंबर में मोदी के हाथों से उनका अपना गृहराज्य गुजरात जाते-जाते बचा है, और कर्नाटक भी हाथ में आकर फिसल चुका है। कर्नाटक में तो विपक्षी दलों ने एकजुट होकर नए युद्ध का ऐलान भी कर ही दिया है। २०१४ के लोकसभा चुनाव में जब पूरे देश में मोदी लहर थी, तो बीजेपी को ३१ फीसदी वोट मिले थे, जबकि ६९ फीसदी वोट हासिल करने के बावजूद विपक्ष नाकाम साबित हुआ था। इसकी वजह सीधी सी यही थी कि विपक्ष का सारा वोट बंट गया था और मोदी सत्ता के सिंहासन तक पहुंच गए। कैराना में विपक्षी एकता की कामयाबी इस बात का स्पष्ट संकेत है कि विपक्षी गठजोड़ मोदी का किला ढहा सकता है। सबसे बड़ी बात पूरा विपक्ष इस समय गठजोड़ के पक्ष में भी दिख रहा है। ऐसे में नरेंद्र मोदी की 'खुदाई' पर खतरा मंडरा रहा है।लेकिन, 'खुदाई' का नशा बुरी लत है। यह जल्द उतरता नहीं। शासन चलाना ऐसा ही काम है कि अगर शासक खतरे में पड़े तो वह खुद को बचाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करने में भी परहेज नहीं करता। भले ही अदालतों ने नरेंद्र मोदी को २००२ के दंगों से बरी कर दिया हो, लेकिन इतिहास मोदी के दामन पर लगे २००२ के दाग को कभी नहीं भूल सकता और न ही उन्हें माफ कर सकता है। इसी दौर से उन्होंने सत्ता की तरफ कदम बढ़ाना शुरु किए थे। और आज, २०१८ में तो नरेंद्र मोदी सत्ता के नशे में चूर हैं। वह देश के शासक हैं, किसी छोटे से राज्य के मुख्यमंत्री नहीं। और अपनी सत्ता बचाने के लिए वे किसी भी हद जा सकते हैं, और अपनी डूबती नाव को बचाने के लिए वे देश के २००२ के रंग में रंगने से भी शायद परहेज़ न करें। इतना ही नहीं, मोदी आरएसएस यानी संघ के कंधों पर सवार हैं। मोदी, संघ के हिंदू राष्ट्र की अवधारणा की आखिरी उम्मीद भी हैं। ऐसे में मोदी को सत्ता में बनाए रखने के लिए संघ के प्यादे किसी भी हद तक जा सकते हैं।इन सब बातों के मद्देनजर, भारत आज एक बेहद पेचीदा राजनीतिक दौर में है। एक तरफ कर्नाटक और उपचुनाव के ताज़ा नतीजों ने देश के माहौल को बदला ही नहीं, बल्कि देश के लिए एक नया रास्ता भी निकाला है। दूसरी तरफ मोदी और मोदी समर्थक शक्तियां अपनी सत्ता बचाने के लिए किसी भी हद तकजाने को तैयार बैठी हैं। ऐसी स्थिति से बचने का एक ही रास्ता है, और वह हिंदुस्तान के लोग यानी लोकतंत्र की। देश आज उसी मुकाम पर खड़ा है, जहां १९४७ में अंग्रेज़ों की इसी 'बांटो और राज करो' की चाल को समझने में गलती कर बैठा था, लेकिन आज, देश इस चाल को जानता है, समझता है और उसका विरोध कर सकता है।कुल मिलाकर बात यह है कि देश के लोग मोदी की खुदाई को लात मारने को तैयार हैं। उपचुनाव के नतीजे इसके सबूत हैं। लेकिन, फिर भी जरूरत एकजुट विपक्ष के लोगों की अदालत में जाने की है, ताकि २०१९ में मोदी की खुदाई चकनाचूर हो सके।*

# 'सड़क २' में संजय दत्त और पूजा भट्ट के साथ आलिया भट्ट और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी दिखेगी

**नई दिल्ली:** संजय दत्त और पूजा भट्ट की सुपरहिट फिल्म 'सड़क' के रिमेक का काफी समय से इंतजार था. 'सड़क २' का ऐलान तो काफी समय पहले हो गया था लेकिन आज इस फिल्म के स्टारकास्ट का भी ऐलान कर दिया गया है. इस फिल्म में पूजा भट्ट, संजय दत्त, आलिया भट्ट और आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिका में नज़र आएंगे. इस फिल्म को महेश भट्ट डायरेक्ट करेंगे. आज महेश भट्ट का बर्थडे है और इस खास मौके पर इस फिल्म को लेकर ये बड़ी घोषणा की गई है. इस फिल्म को मुकेश भट्ट का प्रोडक्शन हाउस विशेष फिल्म्स प्रोड्यूस कर रहा है. आज सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करते हुए विशेष फिल्मस ने लिखा- २७ साल पहले जिस लव स्टोरी ने लोगों के दिलों को जीत लिया था उसका अगला चैप्टर जल्द आ रहा है.काफी समय से फैंस चाह रहे थे कि महेश भट्ट बेटी आलिया को डायरेक्टर करें. पहली बार ऐसा होने जा रहा है जब पापा भट्टे बेटी को डायरेक्ट करेंगे. साथ ही रुपहले पर्दे पर पूजा भट्ट और आलिया दोनों बहनें साथ नज़र आने वाली हैं. डायरेक्शन की बात करें तो १९९९ में आई



कारतूस फिल्म को आखिरी बार महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था. इसके बाद राज मर्डर और हमारी अधूरी कहानी सहित कई फिल्मों की कहानी महेश भट्ट ने लिखी और प्रोड्यूस भी किया. अब एक बार फिर इस फिल्म से महेश भट्ट डायरेक्शन में वापसी कर रहे हैं. कल पूरी स्टारकास्ट मुकेश भट्ट के ऑफिस पहुंचीं थी. इस दौरान इनकी कुछ तस्वीरें भी देखने को मिली थीं. ये फिल्म आदित्य रॉय कपूर के लिए भी बहुत खास है. आशिकी २ से लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले आदित्य की पिछली सारी फिल्में फ्लॉप ही रही हैं. 'दावत-ए-इश्क', 'फितूर' और 'ओके जानू' आदित्य की ये फिल्म लोगों को कुछ खास पसंद नहीं आईं. ऐसा माना जा रहा है कि इस फिल्म से आदित्य दमदार वापसी करेंगे.

बता दें कि १९९१ में रिलीज हुई 'सड़क' सुपरहिट फिल्म साबित हुई थी. इस फिल्म में संजय दत्त ने एक ऐसे लड़के का किरदार निभाया था, जो एक वैश्या (पूजा भट्ट द्वारा निभाया) से प्यार करता है और उसके साथ रहने के लिए सभी बाधाओं से लड़ता है. इस रोमांटिक थ्रिलर का निर्देशन महेश भट्ट ने किया था. अब इस फिल्म की रीमेक को भी महेश भट्ट की बना रहे हैं. इस फिल्म की कहानी क्या होगी और पिछली फिल्म से कितनी इंस्पायर्ड होगी ये तो फिलहाल तय नहीं है. आज फिल्म की रिलीज के लिए नई तारीख का ऐलान भी किया गया है. विशेष फिल्मस ने बताया है कि ये फिल्म २५ मार्च २०२० को रिलीज होगी. इससे पहले मेकर्स ने १५ नवंबर, २०२० को रिलीज डेट का ऐलान किया था.

# '२.०' के लिए अक्षय कुमार ऐसे बने विलेन, यू-ट्यूब पर Trending है ये वीडियो

**सुपरस्टार** रजनीकांत और अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म '२.०' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. फिल्म का एक्शन से भरपूर टीजर कुछ ही दिनों पहले रिलीज कर दिया गया है. अब फिल्म का एक मेकिंग वीडियो भी सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है. इस वीडियो में



दिखाया गया है कि कैसे अक्षय कुमार और रजनीकांत को उनके लुक के लिए तैयार किया जाता था. ये वीडियो वाकई हैरान करने वाला है. दिलचस्प बात ये हैं कि ये मेकिंग वीडियो प्रोडक्शन हाउन ने एक साल पहले रिलीज किया था लेकिन अक इसे यू-ट्यूब पर काफी देखा जा रहा है जिसके कारण ये ट्रेंड भी करने लगा है. साफ है कि टीजर को देखने के बाद फैंस में इस फिल्म को लेकर उत्सुकता कई गुना तक बढ़ गई है. इस मेकिंग वीडियो में आप देख सकते हैं कि रजनीकांत को कैसे 'चिट्टी' और अक्षय कुमार को विलेन के रोल के लिए तैयार किया जाता है. इस वीडियो को अभी तक ढेड़ करोड़ से ज्यादा बार देखा जा चुका है. रजनीकांत और अक्षय कुामार दोनों ही ऐसे एक्शन हीरो है जो अपनी फिल्म में अपने रोल के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार रहते हैं. बता दें कि '२.०' का टीजर गणेश चतुर्थी के मौके पर १३ सितंबर को रिलीज किया गया था. ये फिल्म साल २०१० में आई 'रोबोट' का सीक्वल है. इस फिल्म में रजनीकांत के साथ ऐश्वर्या राय ने लीड रोल निभाया था. वहीं '२.०' में ऐश्वर्या का किरदार एनी जैक्सन निभाती दिखाई देने वाली हैं. अक्षय के किरदार की बात करें तो वो '२.०' में डॉक्टर रिचर्ड का रोल निभाते दिखाई देंगे. फिल्म में अक्षय कुमार का अब तक का सबसे खतरनाक लुक दिखाई देने वाला है. अक्षय के लुक को देखने के बाद साफ है कि फिल्म में रजनीकांत भले ही लीड रोल में हैं लेकिन सबकी निगाहें अक्षय कुमार पर थमने वाली हैं. आपको बता दें कि ये फिल्म पिछले काफी समय से अपने बजट और हई लेवल एक्शन और जबरदस्त प्रमोशन के कारण सुर्खियों में बनी हुई है. शंकर के निर्देशन में बनी ये फिल्म हिंदुस्तानी सिनेमा की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का बजट पहले ४०० करोड़ रुपए था जिसे बाद में बढ़ा कर ५०० करोड़ रुपए कर दिया गया.

# गोविंदा की नजरों में यह ऐक्टर है सबसे मेहनती

**गोविंदा** इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'फ्राइडे' के प्रमोशन में बिजी हैं। इस दौरान वह मीडिया से कई मुद्दों पर खुलकर बात कर रहे हैं। इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कई कलाकारों का जिक्र किया और उन्हें लेकर अपने विचार साझा किए। बॉलिवुड के मेहनती ऐक्टर्स के बारे में बात करते हुए गोविंदा ने रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, सलमान खान जैसे सितारों के नाम लिए। हालांकि, उनका मानना है कि डेडिकेशन के मामले में अब तक कोई भी ऐक्टर आमिर खान की बराबरी नहीं कर सका है। बीटाउन में मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम [illegible] मशहूर आमिर खान [illegible] तारीफ



करते हुए गोविंदा ने कहा कि, वह फिल्म शुरू होने के बाद नहीं बल्कि उसके पहले ही मेहनत करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि आमिर के बराबर एक और सितारा इन दिनों ऐसी मेहनत करता दिखता है। गोविंदा की मानें तो सलमान खान अपनी फिल्मों को लेकर गंभीर हुए हैं और किरदार पर काफी मेहनत करते हैं। उनकी यह मेहनत सिल्वर स्क्रीन पर दिखाई भी देती है। गोविंदा ने दीपिका और रणवीर को लेकर भी बात की और कहा कि सिल्वर स्क्रीन पर इस जोड़ी की केमिस्ट्री इंडस्ट्री में बेस्ट है। इससे पहले भी गोविंदा रणवीर सिंह की काफी तारीफ करते दिखे हैं। उन्होंने रणवीर को नई पीढ़ी में अपना फेवरिट ऐक्टर माना था।

# स्पेशल बच्चों के बीच जाकर रो पड़े सलमान, आंखों से निकलें आंसू

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इन दिनों बेहद बिज़ी चल रहे हैं. एक तरफ तो वो अपने रिएलिटी शे 'बिग बॉस १२' की शूटिंग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सलमान अपनी आने वाली फिल्म भारत की शूटिंग कर रहे हैं. लेकिन इन व्यस्तताओं के बीच भी सलमान अपने सोशल कामों के लिए वक्त निकाल ही लेते हैं.

हाल ही में सलमान खान जयपुर पहुंचे और वहां कुछ स्पेशल बच्चों के बीच वक्त गुजारा. दरअसल सलमान जयपुर दिव्यांग बच्चों के लिए बनाए गए विशेष केंद्र के उद्घाटन के लिए पहुंचे. लेकिन वहां जो वीडियो सामने आईं उसे देख सलमान के फैंस का दिल भी रो पड़ा.

दरअसल सलमान खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो स्पेशल बच्चों से घिरे नज़र आ रहे हैं, लेकिन खास बात ये है कि सलमान की आंखों में आंसू हैं और वो उसे पोछते नज़र आ रहे हैं.

# भारत की जीत के हीरो भुवनेश्वर कुमार ने बताया अपना गेम प्लान


**दुबई,** एशिया कप में बुधवार को भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने थीं। इस मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को ८ विकेट से हरा दिया। भारत की जीत के हीरो रहे तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार। मैच के बाद भुवी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द मैच का खिताब लेते हुए भुवी ने अपना गेम प्लान साझा किया। दुबई में खेले जा रहे एशिया कप में सूखी पिचों और गर्मी भरे मौसम में गेंदबाजी बिल्कुल भी आसान नहीं है। भुवी अपनी धारदार स्विंग के लिए जाने जाते हैं, लेकिन दुबई की पिचों पर स्विंग बोलिंग पूरी तरह नदारद दिख रही है। इसके बावजूद उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ७ ओवर में मात्र १५ रन खर्च किए और प्रतिद्वंद्वी टीम के ३ अहम विकेट चटकाकर उसे बैकफुट पर धकेल दिया। भुवी के इस प्रदर्शन की बदौलत पाक टीम दबाव में ऐसी फंसी की वह मात्र १६२ रन पर ढेर हो गई। मैच के बाद उन्होंने कहा, 'किसी भी टीम को छोटे स्कोर पर ऑल



आउट करने के लिए जरूर है कि उसके शुरुआती विकेट जल्दी झटक लिए जाएं। हमारी टीम ने ऐसा ही किया। ऐसे ट्रैक पर जहां बॉल को स्विंग कराना मुश्किल हो, तब आप ऐसा ही कर सकते हैं। मैंने बॉल को बैक ऑफ द लेंथ पिच कराया और स्टंप पर लगातार हिट कराने की कोशिश की। ऐसी कंडीशंस में बोलर के लिए इसी तरह की बोलिंग से मौका बन सकता है। मेरा यही प्लान था कि मैं बल्लेबाजों को ज्यादा रन बनाने का मौका न दूं, जिससे वह गलती करने पर खुद ही मजबूर हों। उन्हें आउट करने का यही शानदार तरीका था।' इससे पहले मंगलवार को टीम इंडिया ने इस टूर्नमेंट का अपना पहला मैच हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ खेला था। इस मैच में भुवी ९ ओवर में ५० रन देकर कोई भी विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। लेकिन एक रात के अंतर में ही उन्होंने यह भांप लिया कि सूखी और फ्लैट ट्रैक पर किस ढंग से बोलिंग कर विकेटें ली जा सकती हैं। भुवी ने कहा, 'यहां चुनौतीपूर्ण और गर्म माहौल है। दूसरा पिचें भी सपाट हैं ऐसे में बोलरों के लिए माहौल आसान नहीं है।' उन्होंने कहा, 'शायद तेज गर्मी की वजह से हार्दिक पंड्या चोटिल हो गए।

# रुपए लेकर ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर का तबादला

**इलाहाबाद,** इलाहाबाद के तेज बहादुर अस्पताल दिल्ली में रुपए लेकर ऑपरेशन करना एक डॉक्टर पर भारी पड़ गया इसकी शिकायत स्वास्थ्य मंत्री के दरबार में पहुंचे तो वह नाराज हो गए उन्होंने डॉक्टर का तत्काल तबादला करने के साथ जांच का आदेश दिया वह बदले संत रविदास नगर के सीएमओ को भी तलब किया और भ्रष्टाचार में लिप्त लिप्त को को निलंबित करने के निर्देश दिए सुबह के स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह इलाहाबाद में रविवार को सर्किट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुन रहे थे वह उस समय खत्म हो गए जब कुछ लोगों ने बेली अस्पताल में



रुपए लेकर ऑपरेशन किए जाने की शिकायत की आरोप लगाया गया कि बेली अस्पताल के सर्जन डॉक्टर अजय द्विवेदी ऑपरेशन करते हैं वह एक उपाध्याय के लिए डॉक्टर के मारधाड़ लेकर आते हैं, रुपए की मांग का कारण इलाज के लिए बताया जाता है मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख सचिव को फोन कर सर्जन डॉक्टर अजय द्विवेदी को स्थांतरित करने वह मामले की जांच के भी निर्देश दिया कहा, कि दोषी पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी वहीं दूसरी तरफ भदोही में स्वास्थ्य विभाग के लिपिक द्वारा धन उगाही की शिकायतों पर भदोही जिले की CM को तलब किया सर्किट हाउस में पहुंचे सीएम को कड़ी चेतावनी देते हुए मामले को गंभीरता से लेकर जांच के निर्देश दिए आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग भदोही में दो लिपिक वर्षों से जमे थे स्वास्थ्य मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने वहां के म्स के साथ इलाहाबाद आए अनिल त्रिपाठी व प्रमोद मिश्रा को फटकार लगाई अनिल त्रिपाठी व प्रमोद मिश्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए जांच के लिए उच्च अधिकारी को निर्देशित किया।

# फर्जी डिग्री पर १५ वर्षों से वेतन

**बरसठी** क्षेत्र के गंगादीन राम कुमार इंटर कॉलेज रामगढ़ में कार्यरत प्रधानाचार्य शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कृपा से फर्जी डिग्री पर नौकरी कर रहे हैं तहसीलदार के जांच के २ वर्ष बाद भी प्रधानाचार्य के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है आरोप है कि प्रधानाचार्य १५ वर्षों से फर्जी डिग्री पर सरकार से प्रतिमाह लगभग एक लाख से अधिक रुपए वेतन ले रहे हैं कॉलेज के साधारण सभा के आजीवन सदस्य आशीष कुमार ने जिलाधिकारी को २ फरवरी वर्ष २०१६ में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था। कि इंटर कॉलेज में पद




सीन प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र तिवारी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से १९८८ में पास अपना स्वप्रमाणित का अंक पत्र अनुक्रमांक ६५५ लगाकर प्रबंध की मिलीभगत से बिना पद के फर्जी अनुमोदन के आधार पर नियुक्त करा लिया था। जिस पर तत्कालीन डीएम ने मामले की जांच मछली शहर के तत्कालीन तहसीलदार रामजीत मौर्य के कराई तहसीलदार ने जांच में पाया कि प्रधानाचार्य को और लगाया गया है का अंकपत्र इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने २८ मई २०११ को ही फर्जी घोषित कर दिया था तहसीलदार ने अपनी रिपोर्ट २२ जून २०१६ में ही शादी संयोग से उसी समय डीएम का तबादला हो गया और मामले को विभागीय बाबुओं ने दबा दिया सदस्य आशीष कुमार के मुताबिक M.A. की फर्जी डिग्री पर ९८ में वर्ष २००३ में प्रधानाचार्य पद पर हुई थी। ३० वर्षों से फर्जी डिग्री पर सरकार से लाखों रुपया वेतन ले चुके हैं, प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र तिवारी का कहना है, कि आयोग से सिलेक्टेड प्रधानाचार्य हूं फर्जी डिग्री होती तो इतनी लंबी नौकरी नहीं कर पाते मैनेजमेंट के विवाद में झूठा आरोप लगा रहे हैं, तहसीलदार ने जो जांच रिपोर्ट दी है वह ड्रेस थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवा हाइवे पर ट्रैफिक डाइवर्ट

**मुंबई:** गणपति की छुट्टियों के लिए कोकण गए प्रवासियों को मुंबई-गोवा हाइवे पर भारी जाम का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को गौरी-गणपति का विसर्जन करके मुंबई लौट रहे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। गोवा हाइवे से मुंबई की ओर आ रही गाड़ियों के ट्रैफिक को निजाम-पाली होते हुए मुंबई-पुणे हाइवे पर मोड़ दिया गया।

### ड्रग्स के साथ महिला गिरफ्तार

**मुंबई:** ऐंटि नार्कोटिक्स सेल ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक महिला को २३ लाख रुपये के मैनड्रिक्स ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। महिला भारतीय है। बताया जा रहा है कि वह ड्रग्स लेकर भारत से कहीं बाहर जा रही थी। महिला को गिरफ्तार कर उसके पास से ४६५ ग्राम मैनड्रिक्स बरामद की गई है।

### फर्जी कंपनी बनाकर लाखों की ठगी

**मुंबई:** शिवडी पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो नटवर लाल बनकर कारोबारियों को लाखों रुपये का चूना लगाता था। पुलिस की गिरफ्त में ६ बदमाश हैं, जिनसे पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार, गिरोह में शामिल लोगों के पास कई पैन कार्ड और आधार कार्ड थे, जिनके आधार पर वे अलग-अलग नामों से फर्म बनाकर लोगों को ठगने का काम करते थे।

### पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट

**मुंबई:** सहार पुलिस स्टेशन में दो गुटों में हुई झड़प में कुछ पुलिसकर्मियों के चोट पहुंचने की खबर है। बताया जा रहा है कि गणपति बंदोबस्त के दौरान दो पक्षों में कहा-सुनी हुई थी, जिसे शांत कराने गए पुलिसकर्मियों के साथ लोगों ने धक्का-मुक्की और मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

### बर्वे बने एसीबी के महासंचालक

**मुंबई:** कई महीनों से खाली पड़े ऐंटि करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के महासंचालक पद पर आईपीएस संजय बर्वे को राज्य सरकार ने नियुक्त किया है। इससे पहले वह महाराष्ट्र राज्य सुरक्षा महामंडल के महासंचालक के पद पर नियुक्त थे। वह इस साल मुंबई पुलिस आयुक्त पद के लिए भी सुर्खियों में थे। हालांकि आईपीएस संजय जयसवाल ने मुंबई पुलिस आयुक्त के पद के लिए बाजी मार ली थी।

### गणेशोत्सव में मोबाइल चुराने वाला गिरफ्तार

**मुंबई:** कस्तूरबा मार्ग पुलिस ने २६ साल के एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है, जो झारखंड से मुंबई आकर मोबाइल चुराता था। पुलिस को आरोपी के पास से ५१ मोबाइल मिले हैं, जो उसने गणपति उत्सव के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर चुराए थे। आरोपी का नाम विशाल मोहंती है। डीसीपी जोन-१२ विनय राठौड़ ने विशाल की गिरफ्तारी की जानकारी दी।

### नाले में मिली युवक की लाश

**मुंबई:** नेहरू नगर पुलिस के तहत कुर्ला बीएमसी स्कूल के पास से २२ साल के एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से मंगलवार सुबह सनसनी फैल गई। व्यक्ति के शरीर पर चोट के काफी निशान हैं। इस वजह से कहा जा रहा है कि किसी ने युवक की हत्या कर लाश को स्कूल के पास बड़े नाले में फेंक दिया। वहीं, कुर्ला में २ लोगों के बीच सड़क पर हुई मारपीट की घटना का विडियो फुटेज मंगलवार को वायरल हुआ था।

### संजय राऊत बने शिवसेना संसदीय दल के नेता

**मुंबई :** शिवसेना ने अपने राज्यसभा सांसद संजय राऊत को शिवसेना संसदीय दल का नेता बनाया है। इस बात की लिखित सूचना शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के दी है। बता दें कि शिवसेना के लोकसभा में १८ और राज्यसभा में ३ सांसद हैं। अब तक लोकसभा में आंनदराव अडसूळ और राज्यसभा में संजय राऊत शिवसेना के ग्रुप लीडर थे। अचानक संजय राऊत को शिवसेना संसदीय दल का नेता बनाए जाने से राजनीतिक हलकों में कई तरह की चर्चा शुरू हो गई है।

### डहाणू के जंगल में दो बहनों ने लगाई फांसी

**पालघर:** पालघर जिले के डहाणू पुलिस स्टेशन क्षेत्र के आंबेसरी गांव के जंगल में रस्सी से लटकती दो बहनों की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। सूत्रों के अनुसार इनके पास से एक सुइसाइड नोट भी मिला है, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। उसका कहना है कि अभी जांच जारी है। दहाणू के मूसलपाडा निवासी देवली सखाराम उंबरसाडा (४५) ने पुलिस को बताया कि १४ सितंबर शाम ४ बजे उसकी बेटी सेवु सखाराम उंबरसाडा (१६) व उसकी जेठानी की बेटी साजना विष्णु उंबरसाडा (१७) यह कहकर घर से निकलीं कि वह दोनों जामशेत, उधणीपाडा में रहने वाले मामा अनिल काटेला के घर जा रही है। १६ सितंबर को दोनों के शव आंबेसरी, बारीपाडा के जंगल में एक पेड़ से रस्सी से लटकते मिले।

### जसलोक में बुजुर्गों के लिए विशेष क्लिनिक

**मुंबई:** बीमारियों से हर कोई परेशान है। इलाज के लिए लगने वाली लंबी लाइनें मरीजों के लिए और भी समस्या पैदा करती है। ज्यादा दिक्कत बुजुर्ग मरीजों को होती है। बुजुर्गों को ध्यान में रखते हुए जसलोक अस्पताल में विशेष क्लिनिक की शुरुआत की गई है। यहां एक ही छत के नीचे बुजुर्गों को हर सेवा मिलेगी। आंकड़ों के अनुसार, एशिया में बुजुर्गों का अनुपात २०१२-२०५० के दौरान १०.५ प्रतिशत से बढ़कर २२.४ प्रतिशत होने की उम्मीद है।

# आज से मोबाइल पर भी मिलेगा अनारक्षित टिकट

**संवाददाता**

**मुंबई:** अब यात्रा के लिए अनारक्षित टिकट खरीदने वालों के लिए खुशखबरी है। टिकट खिड़कियों की लंबी कतारों में खड़े रहने वाले यात्रियों को जल्द ही यूटीएस ऐप के जरिए टिकट बुक करने का विकल्प मिलेगा। सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम (क्रिस) द्वारा तैयार अनारक्षित टिकटिंग ऐप (यूटीएस) के जरिए गैर उपनगरीय रूट का टिकट भी बुक कराया जा सकेगा। इस ऐप के जरिए पैसेंजर ट्रेनों के अलावा मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के जनरल टिकट भी बुक किए जा सकेंगे। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों को जागरूक करने एवं मोबाइल टिकटिंग के माध्यम से नॉन कैश टिकटिंग की ओर आकर्षित करने के लिए १७ उपनगरीय स्टेशनों पर अभियान चलाया गया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी रविंद्र भाकर के अनुसार, इस ऑनलाइन यूटीएस ऐप को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल टिकटिंग माध्यम की ओर जोड़ना है। मोबाइल टिकटिंग को प्रोत्साहित करने के क्रम में रेलवे द्वारा प्रत्येक आर-वैलेट रीचार्ज पर ५ प्रतिशत बोनस देने की घोषणा की गई है। पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों पर ऑनलाइन यूटीएस ऐप की सुविधा उपलब्ध होगी। मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे की वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक आरती सिंह परिहार ने कहा,




'रेलवे यूटीएस ऐप के जरिए गैर उपनगरीय नेटवर्क पर टिकट बुकिंग की योजना से यात्रियों को फायदा होगा और समय की बचत भी होगी।'

**अब तक मिलता था लोकल का टिकट**

यूटीएस ऐप के जरिए टिकट बुकिंग की सुविधा मुंबई के अलावा चेन्नै उपनगरीय सिस्टम के लिए मौजूद है। इसे विस्तार देने के लिए क्रिस ने इसे गैर-उपनगरीय स्टेशनों के लिए भी शुरू करने की तैयारी की है। ऐप अपग्रेड करने के बाद मुंबई से दिल्ली से देहरादून तक सभी ट्रेनों के जनरल क्लास के टिकट बुक किए जा सकेंगे। इस तरह से टिकट बुकिंग के लिए आपको स्मार्टफोन की जरूरत होगी, जिसमें ग्लोबल पॉजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) की सुविधा हो। वेबसाइट पर जाने के बाद रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और पासवर्ड डालना होगा। इसके बाद वॉलेट रीचार्ज करने का विकल्प मिलेगा। वॉलेट रीचार्ज करने के लिए रेलवे ने पेटीएम का विकल्प दिया है। पेटीएम को चुनने के बाद नेट बैंकिंग और कार्ड से पेमेंट का ऑप्शन मिलेगा। निर्धारित माध्यम चुनने के बाद आप आर-वॉलेट को रीचार्ज कर सकते हैं। कैसे करें टिकट बुकिंग/ टिकट बुक करने के लिए आपको स्टेशन क्षेत्र के २ किमी दायरे में रहना होगा, लेकिन ट्रैक से कम से कम ३० मीटर दूर रहना पड़ेगा। टिकट बुकिंग करते वक्त आपके मोबाइल का इंटरनेट और जीपीएस दोनों ही ऑन होने चाहिए। यूटीएस ऐप्लिकेशन में लॉग इन करने के बाद शहर चुनें, रूट चुनें और गंतव्य चुनें।

प्रक्रिया पूरी करने के बाद आर-वॉलेट से पेमेंट कर दें। आपको टिकट मोबाइल पर मिल जाएगी।

## रोडरेज में एक की हत्या २ गिरफ्तार

**मुंबई :** नेहरू नगर पुलिस ने दो युवकों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इनके नाम अनोज बनसोड (२३) और राहुल बाबरिया (२२) है। दोनों पर आरोप है कि मंगलवार को कुर्ला के ठक्कर बप्पा नगर में सड़क पार कर रहे २६ वर्षीय संपत सोनावणे से उनकी कहासुनी हो गई। सोनावणे का कहना था कि दोनों युवक गलत दिशा से बाइक लेकर आ रहे थे, जिससे टकरा कर किसी की जान जा सकती थी। इससे नाराज दोनों युवकों ने बीच रास्ते में बाइक खड़ी कर लोहे की रॉड और लात-घूसों से संपत की जमकर पिटाई कर दी और फरार हो गए। गंभीर जख्मी संपत को लोगों ने पहले राजावाडी अस्पताल और उसके बाद सायन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। नेहरू नगर पुलिस ने आईपीसी की धारा ३०२ के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# एक साथ तीन तलाक देने पर अब होगी सजा

**संवाददाता**


**नई दिल्ली:** एक साथ तीन तलाक से जुड़े विधेयक पर संसद में आम सहमति नहीं बनने के बाद मोदी सरकार ने बड़ा दांव खेलते हुए इससे जुड़े अध्यादेश को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस पर मुहर लगाई गई। अब एक साथ तीन तलाक देने पर पति को तीन साल जेल हो सकेगी। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव घोषित होने से ठीक पहले इस फैसले के बड़े राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं।

कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि तलाक-ए-बिद्दत पर सुप्रीम कोर्ट्च न्यायालय की पाबंदी के बावजूद यह कुप्रथा जारी है, इसीलिए अध्यादेश लाया गया। अब तुरंत तीन तलाक में एफआईआर पीड़ित पत्नी या उसके करीबी खून के रिश्तेदार की शिकायत पर ही होगी। यह गैर जमानती अपराध मुस्लिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता चाहती थी हम मुस्लिमों के खिलाफ नहीं हैं रहेगा, लेकिन मैजिस्ट्रेट को जमानत का अधिकार होगा। मैजिस्ट्रेट पति-पत्नी में समझौता भी करा सकेंगे। महिलाएं भरण पोषण मांगने के लिए अदालत जा सकेंगी। कुछ महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एक साथ तीन तलाक को दंडात्मक अपराध बनाने के सरकार के फैसले की निंदा की है। उन्होंने इसे मुस्लिम महिलाओं के सामने आ सकने वाली मुश्किलों पर विचार किए बिना राजनीति से प्रेरित कदम बताया।

# NRC : दावे और आपत्तियां दाखिल करने की प्रक्रिया २५ से

**संवाददाता**

**नई दिल्ली:** असम में एनआरसी (नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन) से बाहर किए गए करीब ४० लाख लोगों के दावे और आपत्तियां दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू




करने का निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस रंजन गोगोई की अगुवाई वाली बेंच ने कहा है कि यह प्रक्रिया २५ सितंबर से शुरू होगी और दो महीने तक जारी रहेगी। अगली सुनवाई २३ अक्टूबर को होगी। प्रक्रिया तेज करने के निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जुलाई में बनाए गए एनआरसी ड्राफ्ट में शामिल होने के लिए दावे और आपत्तियों पर प्रक्रिया तेज करने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि मामले की अहमियत को देखते हुए एक और मौका दिया जा रहा है।

एनआरसी में नाम शामिल करने के लिए कौन से दस्तावेज स्वीकार किए जाएं, इस बारे में केंद्र सरकार के स्टैंड पर असम एनआरसी के को-ऑर्डिनेटर प्रतीक हजेला से रुख साफ करने को कहा है।

गौरतलब है कि एनआरसी ड्राफ्ट ३० जुलाई को प्रकाशित किया गया था, जिसमें ४० लाख ७० हजार ७०७ लोगों के नाम शामिल नहीं किए गए थे।

# इंद्राणी मुखर्जी ने रखी हैं सेटलमेंट की कुछ शर्तें

**मुंबई :** हाई प्रोफाइल शीना बोरा हत्याकांड में जेल की सजा काट रहे पति-पत्नी पीटर मुखर्जी और इंद्राणी (४६) ने आखिरकार तलाक की याचिका दाखिल कर ही दी। मंगलवार को दोनों ने मुंबई के बीकेसी स्थित पारिवारिक न्यायालय में याचिका जमा की। ये दोनों ही कभी एक टीवी चैनल के मालिक थे और हाई सोसायटी में उनका उठना-बैठना था।

गौरतलब है कि इंद्राणी मुखर्जी की बेटी शीना बोरा की हत्या में इंद्राणी-पीटर मुखर्जी और इंद्राणी के पूर्व पति संजीव खन्ना जेल में हैं। इंद्राणी और पीटर आपसी सहमति से तलाक लेने और सेटलमेंट के लिए राजी हो गए हैं। हिंदू मैरिज ऐक्ट के अनुसार, यदि तलाक आपसी सहमति से होता है तो वह ६ महीनों में ही कोर्ट इसकी इजाजत दे सकती है।

इंद्राणी भायखला की महिला जेल से और पीटर आर्थर रोड जेल से कोर्ट पहुंचे। साथ में भारी पुलिस बंदोबस्त था। वे करीब ११ बजे से २ बजे तक कोर्ट में रहे। मुख्य जज श्रीमती एसएस सावंत को तलाक के पेपर सौंपे गए। इन दोनों के संबंधों में उस समय नाटकीय मोड़ आया, जब २०१६ में पीटर ने कोर्ट को बताया कि वह इंद्राणी से तलाक लेना चाहता है। एक साल बाद ही इंद्राणी ने कोर्ट से कहा कि वह भी तलाक चाहती है। इस साल अप्रैल में इंद्राणी ने पीटर को तलाक के लिए कानूनी नोटिस भेजकर उन आधारों को बताया जिससे उनका संबंध विच्छेद नजर आ रहा था। कोर्ट के समक्ष इस पर विशेष सीबीआई कोर्ट ने १४ सितंबर को दोनों के जेल अधिकारियों को निर्देश दिया था कि दोनों को ही १८ सितंबर को पारिवारिक कोर्ट



के समक्ष पेश किया जाए। इंद्राणी भायखला की महिला जेल में २०१५ से ही बंद हैं। मुख्य जज एसएस सावंत ने दोनों को जब परामर्शदाता से मिलने को कहा तो दोनों ने कहा कि वे तलाक लेने के अपने निर्णय पर अटल हैं। इसके बाद जज ने इस मामले की अंतिम सुनवाई की तिथि २५ मार्च, २०१९ तय कर दी। हिन्दु विवाह कानून में तलाक के मामले में दूसरी तिथि अनिवार्य रुप से ६ महीनों बाद (कूलिंग ऑफ पीरियड) दी जाती है।

**कब हुई शादी**

पीटर और इंद्राणी के बीच विवाह अब से १६ साल पहले २००२ में हुआ था। मामला क्या है: शीना बोरा इंद्राणी की बेटी थी जिसे कथित रूप से उसकी मां इंद्राणी ने मार दिया था। इस षडयंत्र में उसका पूर्व पति संजीव खन्ना और ड्राइवर श्यामवर रॉय एवं पति पीटर शामिल रहे थे।

हत्या के बाद शीना का शव रायगढ़ की खाइयों में दबा दिया गया। यह हत्या उस समय सामने आई, जब रॉय को अगस्त, २०१५ में किसी अन्य मामले में गिरफ्तार किया गया था और पुलिस 'पूछताछ' में उसने राज उगल दिया। बाद में वह सरकारी गवाह बन गया।

# मझोले मनपा अस्पतालों में बढ़ेंगी और सुविधाएं




**मुंबई,** बीएमसी के प्रमुख अस्पतालों से मरीजों का बोझ कम करने के लिए प्रशासन ने उपनगरीय अस्पतालों को अपग्रेड करने का फैसला किया है। इसके तहत पश्चिमी और पूर्वी उपनगरों के प्रमुख पेरिफेरल अस्पतालों में अगले ३ साल में २ हजार से अधिक बिस्तर बढ़ाए जाएंगे।

बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार, अस्पतालों के अपग्रेडेशन का काम चरणबद्ध तरीके से होगा। पहले चरण की शुरुआत नवंबर से होने की उम्मीद है। मुंबई की ६० फीसद से अधिक आबादी पश्चिमी और पूर्वी उपनगरों में बसती है। हालांकि यहां बड़े अस्पताल बेहद कम हैं। इस वजह से मरीजों को शहर के बड़े अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। बीएमसी प्रमुख अस्पतालों के निदेशक डॉ. अविनाश सुपे ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से ६ पेरिफेरल अस्पतालों को अपग्रेड किया जाएगा। भांडुप में एक मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल शुरू करने का भी प्रस्ताव है। पहले चरण के अंतर्गत अग्रवाल अस्पताल की टेंडर प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। इस काम में २ से ३ साल का समय लग सकता है। नई सुविधाओं के बाद इन अस्पतालों में दिल, किडनी और ब्रेन से संबंधित जटिल सर्जरी की जा सकेगी।

# डेयरी की सील तोड़ने पर मनोज तिवारी को अवमानना नोटिस

**संवाददाता**

**नई दिल्ली:** गोकुलपुरी में डेयरी सील करने के मामले में केंद्र सरकार ने एमसीडी से जवाब तलब किया है। शहरी विकास मंत्रालय के अफसरों ने बुधवार सुबह ईस्ट एमसीडी के कमिश्नर को फोन करके बिना नोटिस के डेयरी सील करने और लाल डोरा में होने के बावजूद सीलिंग पर सवाल उठाए। इसके बाद, एमसीडी ने करीब ३२ पेजों में जवाब देते हुए सीलिंग और अपनी पूरी कार्रवाई को सही ठहराया।

नई दिल्ली, राजधानी के गोकलपुरी इलाके में एमसीडी की सीलिंग के बाद एक डेयरी की सील तोड़ने सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी को अवमानना नोटिस जारी कर दिया है। अदालत ने टिप्पणी की कि सांसद होने के बावजूद मनोज तिवारी ने कथित तौर पर सील तोड़ी, ये बेहद परेशान करने वाला मामला है।

इससे पहले, मॉनिटरिंग कमिटी ने सर्वोच्च न्यायालय में अपनी रिपोर्ट पेश की। एनबीटी की कॉपी भी अदालत में पेश की गई, जिसमें यह खबर विस्तार से लिखी गई है। कोर्ट सलाहकार रंजीत कुमार ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश है कि जो कोई सील तोड़ेगा या सील किए गए परिसर में किसी और रास्ते से घुसेगा, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सांसद मनोज तिवारी ने आदेश का उल्लंघन किया है। ऐसे में उनके खिलाफ सख्त ऐक्शन लेते हुए अवमानना की कार्रवाई की जाए। राजनीतिक दलों के लोग अपने फायदे के लिए जानबूझकर कोर्ट के काम में बाधा डाल रहे हैं। इसके बाद न्यायालय ने तिवारी को नोटिस जारी करके मंगलवार को पेश होने के कहा।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक चुने हुए सांसद ने अदालत के आदेश का उल्लंघन करने की कोशिश की है। ये बेहद परेशान करने वाला मामला है।

# कानून को ताक पर रखकर क्लब ९ न्यू पार्क साईट, उत्सव- एस. ४ यू, रंगोली, दावत, तकिला, चाईना गेट बीयर बार में चल रहा है अश्लील डांस

**एम. आर. शेख**

**मुंबई ।** मुंबई के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में तकिला, चाईना गेट, कांदिवली पुलिस स्टेशन में - एस. ४ यू, रंगोली, दावत और कस्तूरबा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत क्लब ९, न्यू पार्क साईट, उत्सव बीयर बार हैं जहां कानून को ताक पर रखकर अश्लील डांस का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनमें से कुछ बीयर बार ऐसे हैं, जो सुबह ४ बजे तक खुले रहते हैं। इन बीयर बारों में देर रात तक चल रहा है अश्लील डांस। इन बारों में एक ही फ्लोर (स्टेज) पर ४ से अधिक (८,१०,१२) बार बालाएं डांस करती नजर आती हैं। बार मालिक के आदेश पर चल रहा है देर रात तक अश्लील डांस। इन बीयर बारों में कानून द्वारा बनाए गए आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए बार मालिक अपने मन से चला रहे हैं बार। इस गोरख धंधे से स्थानिक लोग भी परेशान हैं। यह



बीयर बार कानून को मुंह चिढ़ाता हुआ, कई बार बालाओं से अश्लील डांस व उस डांस पर गाढ़ी कमाई (नोट) को उडाते ग्राहक नजर आते हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस ने यहां पर छापामारी नहीं की है, वक्त बे वक्त पुलिस यहां पर छापामारी करती है, परंतु अगले ही दिन यह बार अपने शबाब पर चालू हो जाता है, इन्हें कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं। इतना ही नहीं इन्होंने बार के बाहर अपने कुछ आदमी खडे रखे हैं, इन्हें जैसे ही शक होता है कि पुलिस की रेड है तो ये लोग एक बटन दबा देते हैं। जिसका अलार्म या रोशनी बार में जलती है और लड़कियां यहां से भाग जाती हैं, यह सिग्नल होता है कि पुलिस अंदर आ रही है, ऐसे ये लोग पुलिस की रेड नाकाम कर देते हैं। इसकी शिकायत जोन -११ और १२ के पुलिस उपायुक्त को पत्र के माध्यम से की गई है। देखने वाली बात ये होगी कि पुलिस इन बारों को कानून व्यवस्था में लाने में सफल होती है या असफल?

## संक्षिप्त न्युज

### दहाणू में नाबालिग से दुष्कर्म

**पालघर :** जिले के दहाणू पुलिस स्टेशन क्षेत्र के बड़कून इलाके में सोमवार को गणेश विसर्जन के दौरान १३ वर्षीय एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस धारा ३७६,(२) ५०६, पोक्सो ३, ४ के तहत मामला दर्ज कर आगे जांच कर रही है।

### भाजपा नगरसेवक की जमानत याचिका खारिज

**कल्याण:** कल्याण-डोंबिवली के नगरसेवक कुणाल पाटील की हत्या की सुपारी देने वाले भाजपा नगरसेवक महेश पाटील की जमानत याचिका उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दी है। महेश पाटील जेल में है। जानकारी के अनुसार, जनवरी में भिवंडी में डकैती प्रकरण में कुछ लोगों को पुलिस ने पकड़ा था। इसमें एक आरोपी ने बताया था कि उसे कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका के नगरसेवक कुणाल पाटील की हत्या की सुपारी मिली हुई है।

### ४५० लीटर मिलावटी दूध जब्त, ४ गिरफ्तार

**मुंबई :** एफडीए ने तीन अलग-अलग जगहों पर छापा मार कर एक ऐसे गैंग का पर्दाफाश किया है, जो बड़े ब्रैंड की दूध की थैलियों में पानी मिला कर उन्हें ग्राहकों को बेच दिया करते थे। एफडीए ने ४ लोगों को मिलावटी दूध बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनके पास से ४५० लीटर मिलावटी दूध जब्त किया गया है। एफडीए के सहआयुक्त शैलेश आढव के मुताबिक खार में मंगलवार सुबह तीन अलग-अलग स्थानों पर छापा मार कर ४ मिलावटखोरों को दूध में मिलावट करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया, जबकि एक फरार हो गया।

### शिवसेना विधायक ने किया नई पार्टी का ऐलान

**मुंबई :** शिवसेना विधायक हर्षवर्धन जाधव ने बुधवार को घोषणा की कि वह एक नई पार्टी शुरू करने जा रहे हैं। जाधव ने कहा कि पार्टी की औपचारिक घोषणा नवंबर में की जाएगी और उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में भी उम्मीदवार खड़े कर सकती है। बता दें कि जाधव ने मराठा, धनगर एवं मुस्लिमों के लिए आरक्षण के मुद्दे पर जुलाई में विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है, हालांकि विधानसभा अध्यक्ष हरिभाऊ बगाड़े ने अभी तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है।

### विधान परिषद की एक सीट पर उपचुनाव ३ को

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधान परिषद की एक सीट के लिए तीन अक्टूबर को उप-चुनाव होगा। भाजपा के विधान परिषद सदस्य तथा कृषि मंत्री पांडुरंग फंडकर की मृत्यु के बाद यह सीट खाली हुई है। इस सीट के लिए मतदान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे के बीच होगा। परिणाम उसी दिन घोषित कर दिया जाएगा। उपचुनाव में विधानसभा के सभी निर्वाचित सदस्य और एक मनोनीत एंग्लो-इंडियन सदस्य मतदान कर सकेंगे।


### अति. मुख्य सचिव की तबीयत में सुधार

**मुंबई:** हिल स्टेशन महाबलेश्वर में बाथरूम में गिरने के बाद महाराष्ट्र के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुनील पोरवाल को यहां बॉम्बे हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। ५९ वर्षीय पोरवाल की तबीयत में सुधार हो रहा है। उनकी पसली की तीन हड्डियां टूटने की वजह से छाती में खून भर गया था। वह आईसीयू में हैं और लोगों से बातचीत कर रहे हैं।

# ओशिवरा पुलिस स्टेशन अंतर्गत देर रात तक चल रहे हैं हुक्का पार्लर

**एम. आर. शेख**

**मुंबई ।** जब कभी मुंबई में क्राईम बढ़ा है तो उसकी वजह छोटी ही होती है मगर गुनाह बढ़ा होता है जिसकी वजह से बड़े बड़े आई.पी.एस. अधिकारियों का तबादला हो जाता है । हम यहाँ सिर्फ आपको यह बताना चाहते हैं कि आज मुंबई शहर में हर गली हर नाके पर एक हुक्का पारर्लर खुला है और इनकी पैदावार बढ़ती ही जा रही है इसकी वजह सिर्फ और सिर्फ पोलिस और समाज सेवा शाखा जो इसे नज़र अंदाज कर रही है । जिसकी वजह से इनकी



तादाद बढ़ती जा रही है ।

गत दिनों पहले निंदयी घटना मुंबई शहर में घटी थी १) परेल में हुक्का पार्लर में भीषण आग लगने की वजह से कई युवा और युवतियों की जान चली गई थी २) गोरेगांव में कुछ असामाजिक तत्व के लोगों ने एक युवा को जान से मार दिया था। ३) हाल ही में अंधेरी लिंक रोड के हुक्का पार्लर में देर रात फायरिंग हुई थी। इन घटनाओं के बाद कुछ सामाजिक लोगों ने हुक्का पार्लर की आर.टी.आई. मुंबई पोलिस आयुक्त को की थी जिस के जवाबी पत्र में लिखा था कि हुक्का पार्लर को मुंबई पोलिस ने कोई भी अनुमती नहीं दी है। मुंबई पोलिस की अनुमती नहीं है तो फिर यह हुक्का पारर्लर किसकी छत्र छाया में आवैध तरीके से चलाये जा रहे हैं?

इतनी सारी घटना घटने के बावजूद मुंबई के ओशिवरा पोलिस स्टेशन के अंतर्गत हुक्का पार्लर देर रात तक चलाये जा रहे हैं। इन अवैध हुक्का पार्लरों की शिकायत पत्र के माध्यम से ओशिवरा पुलिस स्टेशन व एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस, वेस्ट रीजन को की गई है। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस शिकायत पर कार्रवाई कब होती है और अवैध हुक्का पार्लर कब बंद होते हैं?

# रिजर्व सीट से चुनाव लड़ने वालों को मिली बड़ी राहत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के करीब ९००० जनप्रतिनिधियों की सदस्यता पर मंडरा रहे खतरे के बादल टल गए हैं। राज्य की फडणवीस सरकार ने इन जनप्रतिनिधियों के जाति वैधता प्रमाण पत्र जमा कराने की अवधि को छह महीने से बढ़ाकर १२ महीने कर दिया है। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि जाति वैधता प्रमाण पत्र छह महीने में पेश नहीं करने वाले महानगरपालिका, नगरपालिका, नगर परिषद, जिला परिषद व पंचायत समितियों की सदस्यता रद्द करने का आदेश चुनाव आयोग दिया था। आयोग ने सभी विभागीय आयुक्तों को पत्र लिखकर उन जनप्रतिनिधियों की सदस्यता रद्द करने की कार्रवाई शुरू भी कर दी है। ऐसे में महाराष्ट्र में करीब ९,००० जनप्रतिनिधियों की सदस्यता पर खतरे में आ गई है। कोर्ट के आदेश और विभागीय आयुक्त की सक्रियता को देखते हुए फडणवीस सरकार भी सक्रिय हो गई, चुनाव जीतने के साल भर बाद जमा करा सकते हैं जाति वैधता प्रमाण-पत्र जाति प्रमाण पत्र पेश करने की समय सीमा बढ़ाने का निर्णय कोई पहली बार नहीं लिया गया है। इससे पहले भी सरकारें ऐसे निर्णय लेती रही हैं। सरकार के निर्णय से सिर्फ भाजपा-शिवसेना के जनप्रतिनिधियों को ही नहीं बल्कि इससे कांग्रेस-राकांपा के जन प्रतिनिधियों को भी फायदा होगा। क्योंकि इसमें भाजपा के सदस्य ज्यादा है। मंगलवार को सरकार ने जाति प्रमाण पत्र जमा करने के अवधि ६ महीने से बढ़ाकर एक साल करने की मंजूरी दे दी है। इतना ही नहीं इस फैसले को ७ अप्रैल २०१५ से लागू करने का भी फैसला किया है। इसके लिए मुंबई महानगरपालिका अधिनियम-१८८८, महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम- १९४९ और महाराष्ट्र नगर परिषद, नगरपंचायत तथा औद्योगिक नगरी अधिनियम- १९६५ में संशोधन किए जाएंगे और इस संबंध में अध्यादेश जारी करने के लिए राज्यपाल से आग्रह किया जाएगा।









TAUHEED KHAN
8879027789 / 7666779287

**Taufeek Caterers**

Moghlai, Chinese, Vegetarian Pulav Mutton, Biryani, Mutton Korma, Chicken Korma, Dalgosht, Akhmi Pulav, Khichda, Zam Zam Pulav, Tandoori Akkha Bakra, Halwa, Falooda & All Types Food Made on Order

Prem Nagar, Eidgah Maidan Road, Opp. Babu Ration Shop, Behind Lucky Hotel, Jogeshwari (E), Mumbai 400 060.




मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIA-TION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com

### घर में घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़

**वसई:** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के नवजीवन इलाके में रविवार देर शाम घर में घुसकर २० वर्षीय युवक ने १४ साल की लड़की के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, लड़की रविवार शाम घर पर अकेली थी। उसी दौरान युवक जबरन उसके घर में घुस गया और दरवाजा बंद कर लड़की के साथ छेड़छाड़ की।

### तेंदुए की हो गई मौत

**मुंबई:** संजय गांधी नैशनल पार्क में तेंदुए की उपचार के दौरान मौत हो गई। १७ सितंबर को रात ११ बजे तेंदुए की मौत की मामला सामने आया। तेंदुए का इलाज कर रहे डॉ. शैलेश पेठे ने बताया कि ११ सितंबर को तेंदुए की तबीयत खराब हो गई थी। डॉक्टरों की निगरानी में सोमवार रात तेंदुए की मौत हो गई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह